बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत निर्देशः–

ऑनलाईन आवेदन कैसे करें :–

1. ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व आवेदक सुनिश्चित हो लें कि उनके पास कार्यरत E-mail ID तथा Mobile No. मौजूद है। **आवेदक उक्त E-mail ID तथा Mobile No. को भविष्य में सुरक्षित रखेंगे।** साथ ही आवेदक ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व विज्ञापन का अध्ययन अच्छी तरह से कर लेंगें। आवेदक सुनिश्चित हो लेंगे कि ऑनलाईन आवेदन भरते समय सभी वांछित प्रमाण पत्र मूल रूप से उनके पास उपलब्ध है।

ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रकिया तीन चरण (Step) में सम्पन्न होगीः–

Step 1-Registration

1. आवेदक सर्वप्रथम बिहार लोक सेवा आयोग के ऑनलाईन वेबसाईट www.onlinebpsc.bihar.gov.in पर जाकर "ONLINE REGISTRATION" के टैब पर क्लिक करते हुए, जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उसके सामने दिए गए Apply Online के बटन पर Click करेंगे। Registration पेज पर आवेदक अपनी संबंधित सूचनाएँ भरेंगे एवं "Submit" बटन पर क्लिक करेंगे। जिसके बाद आवेदक को E-mail ID पर User Name एवं Pasword प्राप्त होगा।

नोटः–आवेदक रजिस्ट्रेशन पेज के Submit बटन पर Click करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेंगे कि उनके द्वारा भरी गयी सभी विवरणी/सूचनाएँ सुस्पष्ट एवं सही है। क्योंकि एक बार Submit होने के उपरांत किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है। आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit बटन पर क्लिक करेंगें।

Step 2- Payment

1. जिस तिथि को Registration किया गया है, उसके अगले तिथि (Next date) को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने हेतु आवेदक को लिंक उपलब्ध होगा। आवेदक Online Payment के बटन पर क्लिक करते हुए भुगतान करेंगे।

Step 3-Filling of Online Application Form

1. जिस तिथि को भुगतान किया गया है, उसके अगले तिथि (Next date) को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद आवेदक को ऑनलाईन Application Form भरने हेतु लिंक उपलब्ध होगा। आवेदक "Application Form" के बटन पर क्लिक करते हुए आवेदन भरेंगे।
2. आवेदन प्रपत्र में कतिपय (कुछ) बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे आवेदक द्वारा Registration के समय भरा गया है। आवेदन प्रपत्र में शेष खाली बॉक्स आवेदक भरेंगे।
3. ऑनलाईन आवेदन के अंत में आवेदक हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर तथा फोटोग्राफ निर्धारित स्थान पर अपलोड करेंगे। आवेदक सुनिश्चित हो लेंगे कि अपलोड किये जाने वाले हस्ताक्षर का साईज 15 KB तथा फोटोग्राफ का साईज 25 KB से अधिक नहीं हो। हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ (.jpg/.jpeg) Format में होना चाहिए। आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लेंगे कि उनके द्वारा अपलोड किया गया हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ का इमेज सुस्पष्ट एवं पठनीय है।
4. आवेदक Preview बटन पर क्लिक कर उनके द्वारा भरी गयी विवरणी/सूचनाओं को देख सकते हैं एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकते हैं, लेकिन जो विवरणी/सूचनाएँ रजिस्ट्रेशन करने के समय भरी गयी है, उसमें परिवर्तन नहीं हो सकेगा।
5. **आवेदन को "Submit" करने से पहले आवेदक यह सुनिश्चित कर लेंगे कि सभी विवरणी/सूचनाएँ जो आवेदक द्वारा दी गयी है, वह सही एवं सुस्पष्ट है तथा उनका फोटो एवं हस्ताक्षर सही तरीके से Upload हो चुका है, क्योंकि एक बार फार्म Submit करने के बाद किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है। आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit बटन पर क्लिक करेंगें।**
6. Form को "Submit" करने के बाद आवेदक पुनः Login कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध टैब "Download filled Application" से भरा हुआ आवेदन डाउनलोड करेंगें। आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लें कि डाउनलोड किये गए हार्ड कॉपी के प्रत्येक पृष्ठ पर Registration Number, Bar Code एवं Submitted Application Number अंकित है। हार्ड कॉपी पर Registration Number, Bar Code एवं Submitted Application Number में से किसी एक के अंकित नहीं होने पर भी आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ नहीं माना जाएगा एवं आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

ऑनलाईन आवेदन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. ऑनलाईन आवेदन में अंकित Email-Id, Mobile No तथा प्राप्त User Name एवं Password को सुरक्षित रखना आवेदक की जिम्मेवारी होगी। इसे वे अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन तक सुरक्षित रखेंगे।
2. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन देखा जा सकता है तथा दिए गए कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) तक 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक निम्नलिखित हेल्प लाइन नम्बर (दूरभाष संख्या) पर संपर्क किया जा सकता है।
   TelePhone No – 0612- 2215795, Mob No-9297739013
3. अभ्यर्थी "Online Payment" प्रकिया में किसी भी समस्या के समाधान हेतु स्टेट बैंक के समन्वयक से दूरभाष संख्या – 0612 -2215102 पर संपर्क कर सकते हैं।